Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 2 | जीव जगत का वर्गीकरण

**QUIZ PART-05**

**1. पादप कोशिका भित्ति मुख्य रूप से किससे बनी होती है?**

A. प्रोटीन
B. काइटिन
C. सेल्युलोज
D. ग्लाइकोजन (C)

*व्याख्या :* पादप कोशिका भित्ति मुख्य रूप से सेल्युलोज से बनी होती है, जो पौधों को कठोरता और संरचना प्रदान करती है।

**2. कीटभक्षी पौधों में से कौन-से उदाहरण हैं?**

A. एल्ब्यूगो और राइज़ोपस
B. ब्लेडरवर्ट और वीनस फ्लाई ट्रैप
C. कुक्सुटा और राइज़ोपस
D. मॉस और फर्न (B)

*व्याख्या :* ब्लेडरवर्ट (Utricularia) और वीनस फ्लाई ट्रैप (Dionaea) कीटभक्षी पौधे हैं जो कीड़ों को पकड़कर पोषण प्राप्त करते हैं।

**3. विषाणु (Virus) किस प्रकार के जीव हैं?**

A. केवल सजीव
B. केवल निर्जीव
C. सजीव और निर्जीव दोनों के गुणों वाले
D. पूर्णत: स्वपोषी (C)

*व्याख्या :* विषाणुओं में सजीव और निर्जीव दोनों के गुण पाए जाते हैं — वे केवल जीवित कोशिकाओं के भीतर सक्रिय होते हैं और बाहर क्रिस्टल रूप में निर्जीव रहते हैं।

**4. 'वायरस' शब्द किस भाषा से लिया गया है और इसका अर्थ क्या है?**

A. लैटिन भाषा से; अर्थ – विष या विषैला द्रव्य
B. ग्रीक भाषा से; अर्थ – जीवन
C. संस्कृत भाषा से; अर्थ – सूक्ष्म जीव
D. अरबी भाषा से; अर्थ – संक्रमण (A)

*व्याख्या :* 'वायरस' शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है जिसका अर्थ 'विष' या 'विषैला द्रव्य' होता है।

**5. तमबाकू मोज़ेक वायरस (TMV) की खोज किसने की थी?**

A. लुई पाश्चर
B. इवानोवस्की
C. एडब्ल्यू. बेजेरिनेक
D. वूज़ (B)

*व्याख्या :* रूसी वैज्ञानिक दिमित्री इवानोवस्की ने 1892 में TMV की खोज की थी, जो पौधों में मोज़ेक रोग का कारण बनता है।

**6. बेजेरिनेक ने TMV के संदर्भ में कौन-सी महत्वपूर्ण खोज की?**

A. विषाणुओं को शुद्ध किया
B. वायरस की क्रिस्टलीकरण प्रक्रिया बताई
C. वायरस को जीवित संक्रामक द्रव्य बताया
D. वायरस की रचना में RNA की उपस्थिति सिद्ध की (C)

*व्याख्या :* बेजेरिनेक ने सिद्ध किया कि TMV एक संक्रामक जीवित द्रव्य (Contagium vivum fluidum) है जो स्वस्थ पौधों को भी संक्रमित कर सकता है।

**7. वाइराइड (Viroid) की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?**

A. टी. ओ. डायनर
B. डब्ल्यू. स्टेनली
C. आर. एच. व्हिटेकर
D. इवानोवस्की (A)

*व्याख्या :* वाइराइड की खोज 1971 में टी. ओ. डायनर ने की थी; यह वायरस से भी छोटा संक्रामक कण है जिसमें केवल एक वृत्ताकार RNA पाया जाता है।

**8. प्रिऑन (Prion) क्या हैं?**

A. न्यूक्लिक अम्ल वाले सूक्ष्मजीव
B. असामान्य रूप से मुड़े प्रोटीन कण
C. RNA आधारित वायरस
D. DNA आधारित वाइराइड (B)

*व्याख्या :* प्रिऑन असामान्य रूप से मुड़े हुए प्रोटीन कण होते हैं जो संक्रामक रोग उत्पन्न करते हैं, जैसे "मैड काऊ डिज़ीज़"।

**9. लाइकेन (Lichen) किसका सहजीवी रूप है?**

A. कवक और बैक्टीरिया
B. शैवाल और कवक
C. कवक और वायरस
D. शैवाल और वाइराइड (B)

*व्याख्या :* लाइकेन शैवाल (Algae) और कवक (Fungi) का सहजीवी संबंध है जिसमें शैवाल भोजन बनाता है और कवक आश्रय प्रदान करता है।

**10. लाइकेन किस प्रकार के पर्यावरणीय संकेतक के रूप में कार्य करते हैं?**

A. तापमान के संकेतक
B. प्रदूषण के संकेतक
C. आर्द्रता के संकेतक
D. विकिरण के संकेतक (B)

*व्याख्या :* लाइकेन प्रदूषण के बहुत अच्छे संकेतक होते हैं, क्योंकि ये प्रदूषित क्षेत्रों में नहीं उग पाते हैं।